पंजाब केसरी 25/09/2023

तरक्वाड़ी में कैंपस इंटरव्यू में 35 अभ्यर्थियों को मिली जॉब

हमीरपुर, 23 सितम्बर (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी के प्लेसमैंट सैल द्वारा बी.एड. तथा डी.एल.एड. के अभ्यर्थियों के लिए कैंपस इंटरव्यू किया गया, जिसमें 37 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसमें 35 अभ्यर्थियों का सिलैक्शन जॉब के लिए हुआ। यह इंटरव्यू 3 स्कूलों द्वारा लिया गया। संस्थानों ने चयनित छात्रों को योग्यता के अनुसार सैलरी देने का वायदा किया। इसमें टी.जी.टी., पी.आर.टी. और पी.जी.टी. अभ्यर्थी शामिल रहे। यह जानकारी कालेज प्लेसमैंट सैल की कन्वीनर अमिता रानी और कालेज के प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह चंदेल ने दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंपस इंटरव्यू सभी शिक्षण संस्थाओं द्वारा करवाए जाने चाहिए।

Scanned with ACE Scanner